This study they found each student is predisposed to having little students are influenced achievement motivation. All students may benefit from teachers with proper training better Academics achievement and for successful completion of the tasks undertaken by them. Achievment of students in the class is not only influenced by the motivation of the teachers but also by a positive climate a classroom is a unique place marked by interpersonal relationship among its members. This interpersonal relationship precisely acknowledges the teacher student relationship and the peer relationship.

33. Mishra K.S (2008)

"Impact of Classroom Interaction, learning stress and school facilities on intellectual process of grade V students exposed to basic education."

Conclusion:-

More than 75% urban school have facilities like book, black board, chair tables etc. Less than 25 percent school had teacher guides ,maps ,puzzles, mathematics, journals, musical, instrument etc. these facilities were available in more than 75 percent school.

34. Kasinath, H.M. (2008)-

"Motivational correlates of Emotional intelligence off secondary teacher's trainees"

Conclusion:-

At studied and got concluded that recent finding have identified as the single most facts predicating and happening in life .It is the capacity to create positive outcome in your relationship with others and with yourself. Positive outcomes include joy optimism and success in work school and life.

35 गुप्ता के (2008)

"माता पिता की शैक्षणिक योग्यताओं का बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव।''

निष्कर्ष –

1 उच्च शिक्षित माताओं के बच्चों का परीक्षा परीणाम अनपढ़ माताओं के बच्चों की अपेक्षा में अधिक होता हैं क्योंकि उच्च शिक्षित माता अपने बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान केन्द्रित करती हैं।

2 उच्च शिक्षित माताओं के बच्चों का सामान्य ज्ञान सामान्यतः अधिक होता हैं।

3 उच्च शिक्षित माताओं का बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं तथा उनके परीक्षा परिणाम अच्छे बने रहते हैं।

36. Adsul R.K and S Vikas kamblev (2009)

"Academic stress, Achievment motivation and Academic Achievment and predictors of Adjusment Among high School Student"

Conclusion:-

1. High and Low academic achievers are significantly differ on academic stress, academic achievement and academic motivation
2. There is significantly positive relationship between adjustment and academic achievement as well as academic achievement and achievement motivation.
3. Achievment motivation and academic stress is significantly predictors of Adjusment of high school students.

37. Chaturvedi M (2009)

"A Study of School Enviornment , Achievement Motivation and Academic Achievment"

Conclusion:-

The study indicate that the stresses and straines of adolescence have a negative effect on every child. However a positive enviornment at school ans good socio economic background can act as facilators in coping their stress. The feedback on drastic

determination n performance on transition from primary to junior high school will be useful of educational planners in planning some strategies to reduce the wide gap between school enviornment and school curriculam of primary junior high school.

38. मालव ,शीला 2009

“माध्यमिक स्तर पर एकल एवं संयुक्त परिवार के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता व शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन।”

निष्कर्ष –

1 माध्यमिक स्तर के एकल परिवार के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता औसत स्तर की पाई गई ।

2 माध्यमिक स्तर के संयुक्त परिवार के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता अधिक पाई गई।

3 माध्यमिक स्तर के एकल परिवार के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि अधिक पाई गई।

39. Sensarma , Aloknath (2010) Indian Education Review

“Identification and charactersation of commonly use mathematics classroom interaction patterns.”

Conclusion:-

In this study an attempt has been made to determine commonly used mathematics classroom interaction patterns at secondry levels. A quasi random of 90 mathematics lesson have been used as sample. Seven different interaction patterns have been found. Their effectiveness rank order from expert judgement and student achievement criteria have been determined. It was found that two most effective and two least effective interaction patterns are same when judge by the above two criteria .

The characters of the seven interaction pateerns in respects of 23 interaction patterns in respect of 23 variables of FIACS male, female , trained, non trained experienced ,non experienced. Each interaction patterns has been provided a name tag depending on its distinguish features for parsimonious presentation future refrences and helping thinking process.

2.8 उपसंहार –

उपरोक्त संबंधित साहित्य के अध्ययन से यह स्पष्ट होता हैं कि शिक्षकों की शिक्षण दक्षता, कक्षा अन्तःक्रिया तथा विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि ,अभिप्रेरणा तथा समायोजन पर भिन्न क्षेत्रो में एकल स्तर पर शोधकार्य तो किया गया हैं परन्तु सामुहिक रूप से इस क्षेत्र में शोध कार्य संक्षिप्त व कम

पाए गए हैं। अधिकांश शोधकार्य विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि, समायोजन, अभिप्रेरणा के प्रभाव दिखाते हैं। यह भी सत्य प्रतीत होता हैं कि प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षण दक्षता विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि को प्रभावित करती हैं। साथ ही उच्च शैक्षिक उपलब्धि वाले विद्यार्थियों में समायोजन क्षमता भी अधिक पाई जाती हैं। किन्तु वस्तुस्थिति इसके विपरीत दिखाई पड़ती हैं वर्तमान में अधिकांश शिक्षकों की शिक्षण दक्षता पर अनेक बार प्रश्न चिन्ह खड़े हो चुके हैं। विशेषकर तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में तो शिक्षकों की दक्षता एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में जिस पर शोधकार्य किया जा सकता हैं। क्योंकि इस क्षेत्र में शिक्षकों की अपर्याप्तता एक विशेष समस्या बनी हुई हैं। और यदि शिक्षक हैं भी तो उनकी शिक्षण दक्षता सरकारी व निजी में भिन्न रूप में अभिव्यक्त हैं। शोधकर्ता द्वारा तकनीकी शिक्षकों की शिक्षण दक्षता और विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि अभिप्रेरणा तथा समायोजन को अपने शोधकार्य में महत्वपूर्ण रूप में सम्मिलित किया हैं।

तृतीय अध्याय
अध्ययन विधि एवं प्रक्रिया

3.1 प्रस्तावना –

अज्ञात् विषयों व घटनाओं के प्रति अन्वेषण करना मानव स्वभाव का अभिन्न अंग रहा हैं। जिज्ञासा मानव का मूल स्वभाव हैं अतः विलक्षण प्राकृतिक घटनाओं के प्रति उसकी कौतूहल भावना सदैव अतृप्त व लालायित रही हैं। इसीलिए वह शोधकार्य करता हैं। शोधकार्य द्वारा उन मौलिक प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास किया जाता हैं जिनका उत्तर अभी तक उपलब्ध नहीं हो सका हैं। समाज और राष्ट्र की प्रगति को शोध के परिणामों द्वारा पहचाना जाता हैं। शोधकार्य एक ऐसा व्यवस्थित तथा नियंन्त्रित अध्ययन हैं। जिसके अन्तगर्त संबंधित चरों व घटनाओं के पारस्परिक संबधों का अन्वेषण तथा विश्लेषण उपयुक्त सांख्यिकीय विधि तथा वैज्ञानिक विधि के द्वारा किया जाता हैं। तथा प्राप्त परिणामों से वैज्ञानिक निष्कर्षों , नियमों तथा सिद्धान्तों की रचना व पुष्टि की जाती हैं। शोधकर्ता किसी तथ्य को बार बार देखता हैं। तथा उनके विश्लेषण के आधार पर उसके संबध में निष्कर्ष निकालता हैं। वास्तव् में अनुसंधान वह प्रक्रिया हैं जिसमें प्रदत्तों के विश्लेषण के आधार पर किसी समस्या का विश्वसनीय समाधान ज्ञात किया जाता हैं। इसमें शोधकर्ता के द्वारा प्राचीन प्रत्ययों व तथ्यों का नवीन अर्थापन किया जाता हैं।

रेडमैन व मोरी के अनुसार *"नवीन ज्ञान की पद्वति के लिए व्यवस्थित प्रयास ही अनुंसधान हैं।"*

जान डब्ल्यू बेस्ट के अनुसार *"अनुसंधान अधिक औपचारिक व्यवस्थित तथा गहन प्रक्रिया हैं जिसमें वैज्ञानिक विधि विश्लेषण को प्रयुक्त किया जाता हैं। जिसके फलस्वरूप निष्कर्ष निकाले जाते हैं। और उनका औपचारिक आलेख तैयार किया जाता हैं।"*

संबंधित साहित्य के अध्ययन के पश्चात् शोधकर्ता का अगला चरण शोध हेतु उपयुक्त व सही उपागम का चयन करना होता हैं कि क्योंकि इस शोध उपागम पर ही शोधकर्ता संबंधित दत्तों के संकलन का वास्तविक कार्य निर्धारित कर सकता हैं। प्रस्तुत अध्याय के अर्न्तगत शोध विधि, अध्ययन हेतु जनसंख्या, न्यादर्श व न्यादर्श के चयन हेतु विधि, प्रदत्तों के संकलन के परीक्षण तथा प्रदत्तों के विश्लेषण की प्रविधि को सम्मिलित किया जाता हैं। जिसकी सहायता से शोध उद्देश्यों की की जा सके तथा परिकल्पनाओं की पुष्टि हो सके। एक शोधकर्ता अपने अनुसंधान को आरम्भ करने से पूर्व उसके सभी पक्षों के संबध में पहले से ही निर्णय लेकर नियोजन करता हैं। शोध अध्याय के अर्न्तगत क्रमबद्व रूप से प्रत्येक सोपान के संबध में विवरण दिया जाता हैं। जिसे शोध प्रारूप कहते हैं। प्रस्तुत शोध प्रारूप में अनुसंधान के प्रमुख पक्षों के आधार पर ढंाचा विकसित किया जाता हैं। जिसमें ताक्रिक क्रम को महत्व दिया जाता हैं।

3.2 अनुसंधान विधि

अनुसंधान विधि विज्ञान में कुछ क्रमबद्व प्रणाली को सम्मिलित किया जाता हैं। शोधकर्ता को समस्या चयन से लेकर निष्कर्ष तक क्रियाओं को पहचानना होता हैं कि शोध विधि में अनुसंधान की क्रियाओं का वैज्ञानिक ढंग से नियोजन किया जाता

हैं। शोध विधि में प्रकरण तथा प्रविधियों का महत्व समुचित प्रयोग पर निर्भर होता हैं कि शोधकर्ता को प्रमाणों तथा प्रविधियों का ज्ञान शुद्ध रूप से होना चाहिए तभी उनका समुचित रूप से प्रयोग कर सकता हैं। शोध विधि में समस्या संबधी समस्त क्रियाओं को प्रस्तुत किया जाता हैं। तथा संबंधित साहित्य की समीक्षा की सहायता से परिकल्पनाओं का प्रतिपादन किया जाता हैं। उनकी पुष्टि के लिए उपकरणों ,परीक्षणों का चयन किया जाता हैं। शोध प्रारूप तथा शोध विधि को एक ही अर्थ में प्रयुक्त किया जाता हैं। क्योंकि शोध की रूपरेखा को ही शोधप्रारूप विधि विज्ञान कहते हैं।

शिक्षा अनुसंधान में विधि का अर्थ होता हैं कि नियमितता तथा क्रम–बद्धता से क्रियाओं को व्यवस्थित करना। विधि शब्द को प्राचीन नियन्त्रित प्रयोगात्मक पद्धति से लिया गया हैं। क्योंकि विधि में व्यवस्था, नियमितता तथा क्रमबद्धता को महत्व दिया जाता हैं। शोध के अन्तगर्त विधि का अर्थ एक शोध प्रक्रिया से होता हैं कि जिसमें उसके सामान्य अवयवों का निर्धारण किया जाता हैं। शोध विधि की उपयुक्तता की परख उपयोगिता एवं व्यवहारिकता तथा मानदण्डों के आधार पर की जाती हैं। तकनीकी रूप में दो प्रमुख मापदण्ड होते हैं।–

- आन्तरिक वैधता नियन्त्रित परिस्थिति में
- बाह्य वैधता सामान्य परिस्थिति में

किश के अनुसार – आन्तरिक वैधता का तात्पर्य उन शोध निष्कर्षो से होता हैं जिनमें प्रदत्त नियन्त्रित परिस्थितियों में एकत्र किये जाते हैं। बाह्य वैधता का अर्थ उन शोध निष्कर्षो से हैं जिनमें न्यादर्श जनसंख्या का शुद्ध रूप में प्रतिनिधित्व करता हैं। आन्तरिक वैधता में प्रभावशीलता की परख नियन्त्रित परिस्थिति में की

जाती हैं। इसमें कारण प्रभाव में संबध स्थापित किया जाता हैं। बाह्य वैधता में शोध के प्रदत्तों को एक समान परिस्थितियों में एकत्रित किया जाता हैं। इसमें सहसंबंध की प्रवृति का अध्ययन किया जाता हैं। इस प्रकार के निष्कर्षो की शुद्धता कम होती हैं परन्तु व्यवहारिकता अधिक होती हैं क्योंकि न्यादर्श के निरीक्षण जनसंख्या पर प्रयोग किये जा सकते हैं।

सार रूप में शोध विधि से तात्पर्य उस प्रणाली से हैं जिसे एक वैज्ञानिक अपनी अध्ययन वस्तु के सबंध में तथ्ययुक्त निष्कर्ष निकालने के लिए उपयोग में लाता हैं। एक अनुसंधानकर्ता निशचित रूप से किस विधि को अपनाऐगें यह अनुसंधान की प्रकृति क्षेत्र व उपलब्ध धन तथा समय पर निर्भर करता हैं। अतः किसी भी शोधकार्य में अध्ययन विधि का चयन करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य हैं। शैक्षिक अनुसंधान में कई विधियॉ हैं जिनके आधार पर अनुसंधान को सम्पादित कर निष्कर्षो तक पहुँचा जाता हैं।

3.3 शोध अध्ययन की विधि–

शोध अध्ययन की श्रेष्ठता उसकी विधि उपकरण तथा प्रक्रियाओं पर निर्भर करती हैं। अनुसंधान कार्य का उद्वेश्य प्रक्रिया का परीक्षण करना हैं। इसे शोध–विधि में प्रयोग करके कारण प्रभाव संबध स्थापित किया जा सकता हैं। उद्देश्य, स्थान, प्रतिचयन, नियन्त्रण, विषय सामग्री की प्रकृति तथा अध्ययन पद्धति के आधार पर इनके अनेक रूप हो सकते हैं। अध्ययन साम्रगी तथा अध्ययन नियन्त्रण की कठोरता तथा परिशुद्धता के आधार पर अनुसंधान के निम्नलिखित प्रकार देखे जा सकते हैं।

1 ऐतिहासिक अनुसंधान

2 सर्वेक्षण अनुसंधान

3 पद्धति परक अनुसंधान

4 प्रायोगिक अनुसंधान

5 घटनोत्तर अनुसंधान

प्रत्येक अनुसंधान सैद्धान्तिक तथा व्यवहारिक आधार पर अपनी विशिष्टता रखता हैं। किसी भी शोध समस्या का समाधान करने के लिए आवश्यक हैं कि निश्चित ढंग से उसकी रूपरेखा बनाई जाए। समस्या चाहे कितनी ही महत्वपूर्ण क्यों न हो अनुसंधान की सफलता उसकी अध्ययन प्रक्रिया पर निर्भर करती हैं। उचित अनुसंधान विधि का अनुसरण करके ही समस्या का समाधान एवं उद्देश्यों की प्राप्ति हो सकती हैं। यूं तो प्रत्येक अनुसंधान की विषय साम्रगी व अध्ययन पद्धति प्रायः अलग अलग होती हैं। लेकिन मुख्यतः अनुसंधानों में वर्णनात्मक, मूलभूत व व्यवहारिक, प्रायोगिक व ऐतिहासिक, सर्वेक्षण विधियां ही प्रयुक्त की जाती हैं।

प्रस्तुत शोध अध्ययन में तकनीकी शिक्षा संस्थानों में कार्यरत् शिक्षकों की शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि, अभिप्रेरणा तथा समायोजन पर प्रभाव का एक अध्ययन हेतु घटनोत्तर अनुसंधान विधि को प्रस्तुत किया गया हैं। क्योंकि किसी भी शोध समस्या जिसमें कारण प्रभाव का अध्ययन किया जाता हैं। वह अनुसंधान घटनोत्तर अनुसंधान के अन्तगर्त किया जाता हैं।

प्रस्तुत शोध समस्या में तकनीकी शिक्षकों की शिक्षण दक्षता का पता लगाने के पश्चात् अभिप्रेरणा ,शैक्षिक समायोजन के साथ साथ शैक्षिक उपलब्धि पर उसके

प्रभाव का अध्ययन घटनोत्तर अनुंसधान विधि द्वारा ही किया जा सकता हैं। इसलिए शोध अध्ययन हेतु शोधकर्ता द्वारा शोध विधि के लिए घटनोत्तर अनुसंधान का चयन किया गया।

3.3.1 घटनोत्तर अनुसंधान :–

घटनोत्तर अनुसंधान को तथ्योंत्तर अनुसंधान, तत्पश्चात्, तत्परिणामी अनुसंधान अथवा पश्चगामी अनुसंन्धान भी कहते हैं। इन सभी तकनीकी शब्दों के लिए अंग्रेजी नाम Ex-post-Research हैं। Ex-post-Facto का शाब्दिक अर्थ होता हैं – किसी घटना या परिस्थिति के घटित हो जाने के बाद किया गया अध्ययन (From what is done afterwards) इसीलिए इसे घटनोत्तर अनुसंधान कहते हैं।।

घटनोत्तर अनुसंधान एक प्रकार से शुद्ध सहसम्बन्धात्मक अनुसंधान हैं। डी अमेटो 1972, फार्ग्यूसन 1978 ने घटनोत्तर अनुसंधान को सहसम्बन्धात्मक अनुसन्धान कहा हैं। इस प्रकार के अनुसंधान में तथ्य, चर, और घटनाएँ या इनमें से कोई प्राकृतिक रूप से घटित हो चुके होते हैं। घटना के बाद इनका मापन किया जाता हैं। और मापन के आधार सहचारिता ज्ञात की जाती हैं और साथ साथ कार्य–कारण सम्बन्ध का भी अध्ययन किया जाता हैं घटनोत्तर अनुसंधान वैज्ञानिकता की दृष्टि से प्रयोगात्मक अनुसंधानों से बहुत कुछ मिलता हुआ हैं क्योंकि जिन वैज्ञानिक नियमों और तर्को पर प्रयोगात्मक अनुसंधान किये जाते हैं। लगभग उसी तर्को के आधार पर घटनोत्तर अनुसंधान किये जाते हैं। घटनोत्तर अनुसंधान के अनेक विविध रूप हैं।

3.3.2 घटनोत्तर अनुसंधान की परिभाषा :–

F N Karlinger

" Ex- post facto Research may be defined as that research in which independent variables have already accured and in which the researches starts the observation of independent variables or dependent variables. He than studies independent variable in retrospert for their possible relations to and effect on dependent variables."

Foundation of Behavrioural Research (1978)

E Green Wood(1955)

" We Work backword by controlling after stimulus has already operate thereby experimental situation."

3.3.3 घटनोत्तर अनुसंधान की विशेषताएँ :–

1 यह अनुसंधान वैज्ञानिक नियमों और तार्किक सिद्धान्तों के आधार पर पूर्ण किया जाता हैं।

2 इस प्रकार के अनुसंधान में अनुसंधानकर्ता स्वतंत्र चरों का सक्रिय प्रहस्तन नहीं करता हैं।

3 घटनोत्तर अनुसंधान में स्वतंत्र चर उसी प्रकार से होते हैं जिस प्रकार प्रयोगात्मक अनुसंधान में स्वतंत्र चर होते हैं।

4 घटनोत्तर अनुसंधान वह अनुसंधान हैं जिसमें प्रयोज्यों की आयु, बुद्धि व्यक्तित्वशील गुण, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक रूग्णता, मानसिक रूग्णता, शैक्षिक स्तर और जन्म क्रम जैसे चरों का अध्ययन किया जाता हैं। जिनका सक्रिय प्रहस्तन करना सम्भव नहीं होता हैं।

5 इसमें स्वतंत्र चर और आश्रित चरों के प्रक्रियात्मक सम्बन्धों का अध्ययन करते हैं।

6 घटनोत्तर अनुसंधान में स्वतंत्र चरों और आश्रित चरों में कार्यकरण सम्बन्ध का अध्ययन किया जाता हैं।

7 घटनोत्तर अनुसंधान की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी हैं कि इस अनुसंधान में परिकल्पनाओं की वैधता की जाँच सफलतार्पूवक की जाती हैं।

3.3.4 घटनोत्तर अनुसंधान का महत्व :–

1 अनुभव सिद्ध अनुसंधान

2 यथार्थ जीवन की स्थितियों में अध्ययन

3 चरों में प्रकार्यात्मक सम्बन्ध का अध्ययन

4 प्रयोग के लिए परिकल्पनाओं की रचना में सहायक

5 विश्वसनीय और वैध परिणाम

6 परिणामों के आधार पर भविष्य कथन में उपयोगी

7 प्रयोगात्मक अनुसंधान के विकल्प के रूप में

3.4 अध्ययन हेतु जनसंख्या :–

शोध का अन्तिम लक्ष्य ऐसे सिद्धान्तों व नियमों का सामान्यीकरण करना हैं जो किसी व्यक्तियों, घटनाओं या वस्तुओं के समूहों पर लागू होती हैं। परन्तु ऐसे सिद्धान्तों के विकास के लिए समूह के प्रत्येक सदस्य का अध्ययन करना संभव नहीं होता हैं कि न ही अक्सर आवश्यक होता हैं कि विशेषकर उस स्थिति में जब समूह के सदस्यों की संख्या बहुत अधिक हों। सामान्यतः जिस समूह पर अनुसंधान परिणामों का सामान्यीकरण करना होता हैं कि उसके कुछ सदस्यों को लेकर इन पर अध्ययन किया जाता हैं। इस समूह को समष्टि कहते हैं। तथा जिन पर अध्ययन किया जाता हैं। उन्हें प्रतिदर्श या न्यादर्श कहते हैं। यह उन सभी प्रेक्षणों का कुलक अथवा समुच्चय हैं। जिनमें एक या एक से अधिक विशेषताएँ उभयनिष्ठ हैं तथा जो किसी अध्ययन का विषय हैं।

शोध में जनसंख्या शब्द का अर्थ भिन्न होता हैं कि जनसंख्या का तात्पर्य सम्पूर्ण ईकाइयों के निरीक्षण से होता हैं कि इसमें से कुछ ईकाइयों का चयन करके न्यादर्श बनाया जाता हैं। न्यादर्श की ईकाई के निरीक्षण तथा मापन से जनसंख्या विशेष के संबध में अनुमान लगाया जाता हैं। शोध की जनसंख्या में विशिष्ट समुह के समस्त व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाता हैं जो सजातीय होते हैं। जनसंख्या को समष्टि भी कहते हैं। सैद्धान्तिक रूप में इस प्रकार समष्टि किसी भी ऐसी इकाइयों या तत्वों का कुलक हो सकता हैं। जिसमें अनुसंधानकर्ता की रूचि हों इस दृष्टि से समिष्ट के कई प्रकार हो सकते हैं।

1 सीमित या परिमित और उपरिमित या अनन्त समष्टि

2 वर्तमान और परिकल्पित समष्टि

3 परिभाषित या परिगणित

प्रस्तुत शोध अध्ययन में कोटा संभाग परिक्षेत्र से पॉलिटेक्निक कॉलेज व आई.टी.आई. में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को जनसंख्या हेतु चयनित किया।

3.5 न्यादर्श

व्यावहारिक तथा सामाजिक विषयों के शोधकार्यो में न्यादर्श का विशेष महत्व होता हैं कि इसके बिना शोधकार्य को पूरा नहीं किया जा सकता हैं। यद्यपि विज्ञान के विषयों में भी न्यादर्श का प्रयोग होता हैं किन्तु न्यादर्श के चयन की समस्या नहीं होती हैं। जनसंख्या का जो भी अंश उपलब्ध होता हैं वही जनसंख्या का शुद्ध रूप में प्रतिनिधित्व करता हैं। परन्तु सामाजिक विषयों में न्यादर्श के चयन में प्रमुख समस्या होती हैं कि किस प्रकार चयन किया जाये जो उसका प्रतिनिधित्व कर सकें। सम्पूर्ण जनसंख्या का अध्ययन करना कठिन होता हैं कि तथा कभी–कभी अपव्यय भी होता हैं कि अतः न्यादर्श सम्पूर्ण जनसंख्या का वह अंश होता हैं कि जिसमें अपनी समष्टि की समस्त विशेषताओं का प्रतिबिम्ब निहित होता हैं कि अनुसंधान तथा शोध के प्रयोग का प्रारूप न्यादर्श की प्रविधि पर आधारित होता हैं कि इसीलए एक उत्तम प्रकार के शोधकार्य में न्यादर्श तथा उसकी जनसंख्या सबंधी समस्त सूचनाओं पर बल दिया जाता हैं।

परिभाषाएँ

1. *__गुड व हैं ट के अनुसार__ "एक न्यादर्श जैसा कि नाम से स्पष्ट हैं सम्पूर्ण समूह का एक निम्नतम् प्रतिनिधत्व हैं।"*

2. ***पी.वी. यंग के अनुसार*** *"एक सांख्यिकीय न्यादर्श एक निम्नतम आकार या संम्पूर्ण समूह अथवा योग का एक अंश हैं जिससे न्यादर्श को लिया गया हैं।"*

3. ***जोगीडस के अनुसार*** *"पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार एक समूह से निश्चित प्रतिशत की इकाईयों का चयन करना ही प्रतिदर्श की प्रक्रिया हैं।"*

3.5.1 न्यादर्श चयन की आवश्यकताः—

व्यवहारिक तथा सामाजिक विषय के शोधकार्यो में न्यादर्श का विशेष महत्व होता हैं कि इसके बिना शोधकार्यो को पूरा नहीं किया जा सकता हैं। न्यादर्श के चयन की आवश्यकता का कारण निम्न हैं।

1 समय की बचत

2 धन की बचत

3 अधिक सत्यता का ज्ञान

4 प्रशासकीय सुविधाएँ रहती हैं

5 विस्तृत जानकारी

6 संम्पूर्ण जनसख्याँ का अध्ययन संभव नहीं

7 विश्वसनीयता

8 प्रायोगिक अध्ययन में उपयुक्ता

इस प्रकार न्यादर्श द्वारा बोधगम्यता भी परिलक्षित होती हैं। साथ ही संगणना विधि द्वारा अध्ययन करने से मुक्ति मिलती हैं अतः कम परिश्रम और कम खर्च में ही अध्ययन संभव हो जाता हैं। और न्यादर्श के माध्यम से प्राप्त होने वाले निष्कर्ष समग्र के उपर लागू किये जा सकते हैं। न्यादर्श के प्रयोग से शोध परिणामों को अधिक शुद्ध व सर्वव्यापी बनाया जा सकता हैं।

3.5.2 उत्तम न्यादर्श के आवश्यक तत्व :–

जब हम यह समझ लेते हैं कि संम्पूर्ण जनसंख्या में बहुत से गुण समान मात्रा में पाये जाते हैं तो हम इस बात की कल्पना कर लेते हैं कि संम्पूर्ण जाति से यदि कुछ व्यक्तियों का न्यादर्श चुन लिया जाये तो भी हमारे अनुसंधान अथवा संर्वेक्षण के परिणामों में कोई अंतर नहीं आयेगा। न्यादर्श से प्राप्त निष्कर्ष उतने ही शुद्ध तथा सत्य होते हैं जितने की संम्पूर्ण जनसंख्या से ज्ञात किये हुए परिणामों से प्राप्त निष्कर्ष। अतः एक उत्तम न्यादर्श में निम्न तत्वों का होना आवश्यक हैं।

1 **प्रतिनिधितात्मक स्वरूप** –एक अच्छा न्यादर्श अपनी जनसंख्या के अनुरूप होना चाहिए साथ ही पक्षपात रहित होना चाहिए। प्रतिदर्श जिस जनसंख्या से चुना गया हो वह उस जनसंख्या का या समष्टि का प्रतिनिधित्व करता हुआ होना चाहिए।

2 **प्रसम्भाव्यता पर आधारित** – प्रसम्भाव्यता सिद्धान्त पर आधारित न्यादर्श के सभी निष्कर्षो के आधार पर यह विश्वास रहता हैं कि उसके प्रतिचयन में कोई त्रुटि नहीं होगी उत्तम प्रकार का न्यादर्श दृष्टिक माना गया हैं।

3 **आँकडों के संकलन में नियन्त्रित स्थितियों का होना** – प्रतिदर्श द्वारा सूचना संकलन का कार्य प्रत्येक ईकाई से यथासंभव समान स्थितियों में ही होना चाहिए।

4 **विश्वसनीयता के स्तर का उच्च श्रेणी का होना** – एक वही न्यादर्श उत्तम कहा जा सकता हैं। जिसके परिणामों की विश्वसनीयता का स्तर उच्च वैज्ञानिक श्रेणी का हो।

3.5.3 न्यादर्श चयन :– जनसंख्या का पूर्ण प्रतिनिधित्व करने के लिए न्यादर्श प्राप्त करने की अनेक विधियाँ विकसित की गई हैं। न्यादर्श की परिशुद्वता अर्थात पक्षपातरहित जनसंख्या संबधी हमारे ज्ञान पर या उस विधि पर निर्भर करती हैं जिससे न्यादर्श लिया गया हैं।



1 संम्भाविता न्यादर्श :– जब जनसंख्या की किसी ईकाई को न्यादर्श में शामिल करने के लिए उसका चयन संयोग पर निर्भर करते हैं। तो उस चयन विधि को संम्भाविता न्यादर्श कहते हैं। संम्भाविता न्यादर्श में कोई व्यक्ति किसी विशिष्ट इकाई को अपनी इच्छानुसार न्यादर्श में नहीं रख सकता हैं।

2 असंम्भाविता न्यादर्श :– जब न्यादर्श चयन में संम्भावना का कोई स्थान नहीं होता हैं कि तब उसे असंम्भाव्य न्यादर्श कहते हैं। इसमें न्यादर्श की जनसंख्या एक ही होती हैं। स्थानीय शोधकार्यो में इस प्रकार के न्यादर्श का प्रयोग किया जाता हैं। इसमें सामान्यीकरण नहीं किया जाता हैं।

3.5.4 प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श चयन विधि –

शोधकर्ता ने प्रस्तुत शोध समस्या के न्यादर्श के चुनाव हेतु उद्वेश्यपूर्ण न्यादर्श या सविचार प्रतिचयन विधि का चयन किया हैं। जिसमें अध्ययनकर्ता संम्पूर्ण जनसंख्या में से अपने उद्वेश्य के अनुसार अध्ययन ईकाईयों का चयन करता हैं।

इस संबध में ***गिल्फोर्ड 1978 ने लिखा हैं*** – *"उद्देश्यपूर्ण प्रतिदर्श एक स्वेच्छानुसार चयन किया गया प्रतिदर्श होता हैं कि इस संबध में इस तथ्य का ठोस प्रमाण रहता हैं। ऐसा प्रतिदर्श संम्पूर्ण समष्टि का पूर्णरूपेण प्रतिनिधित्व करता हैं।"*

जहोदा 1959 के अनुसार* – "उद्देश्यपूर्ण प्रतिचयन की मान्यता यह हैं कि उचित निर्णय तथा उपयुक्त कुशलता के साथ व्यक्ति प्रतिचयन में सम्मिलित करने हेतु उन मामलो को चुन सकता हैं। जो उसकी आवश्यकता के अनुसार संतोषजनक हैं।"* संक्षेप में यह प्रतिचयन की विधि हैं जिसमें चयनकर्ता अध्ययन उद्देश्यों को

ध्यान में रखकर उन इकाईयों को प्रतिदर्श में रखता हैं। जिनसे प्रतिदर्श समष्टि का प्रतिनिधित्व करने वाला हो जाता हैं। शोध अध्ययन को प्रस्तुत करने की एक निश्चित अवधि होती हैं अतः इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए शोधकर्ता ने शोधकार्य के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कोटा संभाग के 10 पॉलिटेक्निक कॉलेज व 20 आई.टी.आई. कॉलेज के किशोर विद्यार्थियों का चयन किया हैं। प्रस्तुत अध्ययन में केवल आई.टी.आई. व पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रथम वर्ष में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसलिए केवल एक विशेष वर्ग में सीमित विद्यार्थियों के चयन हेतु उद्देश्यात्मक प्रतिदर्श चयन विधि का प्रयोग किया गया हैं। प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श का चयन निम्न रूप में किया गया हैं।

सारणी 3.5.4.1

क्रम संख्या	तकनीकी शिक्षा संस्थान	विद्यार्थी	शिक्षक	कुल
1	पॉलिटेक्निक कॉलेज	300	100	300 विद्यार्थी 100 शिक्षक
2	आई.टी.आई	300	100	300 विद्यार्थी 100 शिक्षक
	योग	600	200	

सारणी 3.5.4.2

क्रम संख्या	पॉलिटेक्निक कॉलेज	शिक्षक	विद्यार्थी
1	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कोटा	15	40
2	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झालावाड़	15	40
3	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बटावदा	10	40
4	राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बारां	10	30
5	स्वामी विवेकानंद पॉलिटेक्निक महाविद्यालय देवरिया	10	30
6	गुरूकुल पॉलिटेक्निक महाविद्यालय रानपुर	10	30
7	तिरूपति पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बुधखान	10	25
8	सर्वोदय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय रानपुर	10	25
9	आर. वी. एस पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पचपहाड़	5	20
10	अंबिका पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बारां	5	20
	योग	**100**	**300**

सारणी 3.5.4.3

क्रम संख्या	आई.टी.आई	शिक्षक	विद्यार्थी
1	राजकीय आई.टी.आई कोटा	8	25
2	राजकीय आई.टी.आई झालावाड	8	25
3	राजकीय आई.टी.आई बांरा	8	20
4	राजकीय आई.टी.आई पचपहाड	8	20
5	राजकीय आई.टी.आई रामगंजमण्डी	6	20
6	राजकीय आई.टी.आई बकानी	6	20
7	राजकीय आई.टी.आई खैराबाद	6	20
8	सर्वोदय आई.टी.आई रानपुर	4	15
9	एस.एम आई.टी.आई पचपहाड	4	15
10	अनामिका आई.टी.आई बांरा	4	15
11	हाडौती आई.टी.आई बाबजी नगर	4	15

12	टेक्नो आई.टी.आई झालावाड	4	10
13	राधा कृष्ण आई.टी.आई झालावाड	4	10
14	कन्हैंया आई.टी.आई भवानीमण्डी	4	10
15	कृष्णा आई.टी.आई भवानीमण्डी	4	10
16	विवेकानंद आई.टी.आई झालावाड	4	10
17	टैगौर आई.टी.आई कैथुन	4	10
18	गुरूकृपा आई.टी.आई झालावाड	4	10
19	सर्वोदय आई.टी.आई मांगरोल	3	10
20	आदर्श आई.टी.आई कोटा	3	10
	योग	**100**	**300**

3.6 उपकरण :–

प्रत्येक प्रकार के अनुसंधान कार्य में दत्तों के सकंलन करने के लिए बहुत से साधनों की आवश्यकता होती हैं। इन्हीं साधनों को उपकरण कहा जाता हैं। उपकरण के अर्थ को स्पष्ट करते हुए ***सुखिया एवं मल्होत्रा 1973*** *“किसी समस्या के अध्ययन हेतु नवीन एवं अज्ञात दत्त सकंलन के लिए अनेक विधियों का प्रयोग*

किया जा सकता हैं। प्रत्येक प्रकार के अनुसंधान के लिए नवीन दत्त संकलन करने हेतु कई यन्त्रों की आवश्यकता होती हैं। इन्हीं यन्त्रों को उपकरण कहते हैं।"

जान डब्ल्यु बेस्ट के अनुसार

"उपकरण बढाई के संन्दुक के औजारों के समान अनुसंधान के विशिष्ट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विशिष्ट परिस्थितियों में प्रयुक्त होते हैं। "

3.6.1 उपकरण के प्रकार :–

1 **मानकीकृत उपकरण–** यह वे मानकीकृत उपकरण होते हैं जिनका निर्माण मानवीय व्यवहारों के कतिपय पक्षों अथवा आन्तरिक गुणों को मापने के लिए किया जाता हैं। ये पूर्ण निर्मित, विश्वसनीय व वैध होते हैं।

2 **अमानकीकृत उपकरण–** अमानकीकृत उपकरण वे होते हैं जो शोधकर्ता द्वारा समस्या के अनुसार स्वंय के द्वारा ही निर्मित किये जाता हैं। इन उपकरणों के निर्माण के बाद शोधकर्ता उनकी विश्वसनीयता व वैधता ज्ञात करता हैं। तत्पश्चात् उन्हें प्रयोग में लाता हैं।

3.6.2 शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण :–

सफल अनुसंधान के लिए उपयुक्त यंत्र व उपकरणों के चयन का अत्यधिक महत्व हैं। आँकड़े एकत्रित करने के लिए चाहे जिस उपकरण का प्रयोग किया जाए प्रत्येक उपकरण एक विशेष प्रकार के आँकड़ें एकत्रित करने के लिए उपयुक्त होता हैं कि कभी कभी एक अनुसंधान मे कई उपकरण का भी प्रयोग करना पड़ता हैं। अतः शोधकर्ता के लिए आवश्यक हैं कि उसे उपकरणों का व्यापक ज्ञान हो।

परीक्षण संबधी विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए शोधकर्ता ने शोध के उद्वेश्य की दृष्टि से निम्न मानकीकृत उपकरणों का शोधकार्य में प्रयोग किया हैं।

1 **शिक्षकों की शिक्षण दक्षता हेतु** – फलैण्डर्स की कक्षा अन्तःक्रिया विश्लेषण प्रणाली की अवलोकन मापनी का उपयोग किया गया ।

2 **विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि मापने हेतु** – प्राविधिकी शिक्षा निदेशालय् द्वारा आयोजित सत्र् 2013-2014 वर्ष के विद्यार्थियों के वार्षिक सैद्धांन्तिक परीक्षा के प्राप्तांको को सम्मिलित किया गया।

3 **विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन को मापने हेतु** – प्रस्तुत शोध में डॉ.ए.के. पी. सिन्हा व डॉ. आर.पी. सिंह द्वारा निर्मित समायोजन मापनी का प्रयोग किया गया हैं। प्रस्तुत शोध अध्ययन में केवल इस परीक्षण के शैक्षिक समयोजन के क्षेत्र को ही सम्मिलित किया गया हैं।

4 **विद्यार्थियों के अभिप्रेरणा को मापने हेतु** – टी. आर. शर्मा की उपलब्धि अभिप्रेरणा मापनी का प्रयोग किया गया हैं।

3.6.3 उपकरण का प्रशासन :–

शिक्षकों की शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों की शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा मापनी उपकरणों का प्रशासन शिक्षा संस्थानों के प्रधानों से अनुमति लेकर कक्षागत परिस्थितियों में प्रयुक्त किया गया ।

3.6.4 शोध उपकरणों का परिचय :–

1 **शिक्षण दक्षता कक्षा अन्तःक्रिया अवलोकन मापनीः–** कक्षा में शिक्षक विभिन्न प्रकार की क्रियाएँ करता हैं फलस्वरूप कक्षा में शिक्षक एवं छात्रों के मध्य विभिन्न प्रकार की अन्तःक्रियाए होती हैं। ये अन्तःक्रियाए शिक्षक व्यवहार की प्रमुख विशेषताएँ होती हैं। प्रस्तुत शोध अध्ययन में फलैण्डर्स की अन्तःक्रिया प्रणाली विश्लेषण अवलोकन मापनी के द्वारा तकनीकी शिक्षा संस्थानों में कार्यरत् शिक्षकों की शिक्षण दक्षता का अध्ययन किया गया। जिससें कक्षा अन्तःक्रिया कि व्यवहारगत् परिस्थितियों का अवलोकन व विश्लेषण कर व्यवहारगत् परिणाम निकालें गए।

फलैण्डर्स की अन्तःक्रिया प्रणाली विश्लेषण :–

शिक्षक के कक्षागत् व्यवहारों व क्रियाओं का क्रमबद्व निरीक्षण व विश्लेषण किया जाता हैं उसे अन्तःक्रिया प्रणाली विश्लेषण कहते हैं। अन्तःक्रिया विश्लेषण से अभिप्राय हैं कि कक्षा में घटने वाली प्रत्येक घटना का वस्तुनिष्ठ और व्यवस्थित निरीक्षण करने की व्यवस्था करने के पश्चात् प्रत्येक घटना का विश्लेषण करना होता हैं कि यह विधि कक्षा में होने वाली प्रत्येक घटना का लेखा जोखा करती हैं। अन्तःक्रिया विश्लेषण के उद्देश्य निम्न हैं।

1 शिक्षक की विशेषताओं का अध्ययन करना।

2 निरीक्षण के माध्यम से शिक्षक के व्यवहारों का अध्ययन करना।

3 बोधस्तर के व्यवहार की प्रकृति का अध्ययन करना ।

4 शिक्षक के सामाजिक तथा संवेगात्मक परिवेश

5 शिक्षण व छात्र व्यवहार का अध्ययन करना

6 शिक्षण कार्य का विश्लेषण करना।

7 प्रशिक्षण प्रभाव तथा अशाब्दिक सम्प्रेषण का विश्लेषण करना।

कक्षा अन्तःक्रिया अवलोकन मापनी में व्यवहारों का क्रमबद्ध निरीक्षण करके उन्हें। एक तालिका में अंकित किया जाता हैं। इस तालिका से निम्नाकिंत बिन्दु स्पष्ट हो जाते हैं।

1 कक्षा में शिक्षक का व्यवहार कैसा हैं।

2 छात्र कितने सक्रिय हैं।

3 शिक्षक छात्रों को कितना व कैसा प्रोत्साहन देते हैं।

4 छात्र व शिक्षक के व्यवहारों में क्या कमियाँ हैं उन्हें कैसे सुधारा जा सकता हैं।

5 कक्षा शिक्षण समग्र रूप में कैसा हैं।

परीक्षण का उद्देश्य –

इस परीक्षण का उद्वेश्य शिक्षकों की कक्षा में घटने वाली प्रत्येक 3 सेकेण्ड की परिस्थिति का कक्षागत् वातावरण में अवलोकन करना हैं। इसमें कक्षागत परिस्थिति के 10 क्षे़त्रों को ध्यान में रखते हुए अन्तःक्रिया प्रणाली द्वारा विश्लेषण करना होता हैं कि जिसके परिणाम स्वरूप शिक्षकों व छात्रों के मध्य घटित होने

वाली प्रत्येक घटना को अवलोकन मापनी में अंकित करना हैं। इससे प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर शिक्षकों को शैक्षिक व व्यावसायिक निर्देशन दिया जाता हैं।

प्रशासन की प्रकिया –

परीक्षण के प्रशासन के लिये सर्वप्रथम शोधकर्ता द्वारा अवलोकन मापनी के माध्यम से शिक्षकों की कक्षागत परिस्थितियों का अवलोकन किया गया । शोधकर्ता द्वारा प्रत्येक कक्षा में तकनीकी शिक्षकों की व्यवहारगत् परिस्थितियों को अवलोकन मापनी के 10 बिन्दुओं के आधार पर शिक्षक व विद्यार्थियों के मध्य घटित होने वाली प्रत्येक घटना को अवलोकन मापनी में अंकित किया गया। इस प्रक्रिया के सम्पन्न करने में शोधकर्ता को लगभग 13 मिनट का समय लगा। तत्पश्चात् शोधकर्ता द्वारा अवलोकन मापनी में अंकित किये गये बिन्दुओं के आधार पर शिक्षकों की व्यवहारगत् परिस्थितियों को अंक प्रादन कर आवश्यक परिणाम निकाले गए।

अंकन –

सभी विभाग के अंको को जोड़ा गया और कुल अंक प्रदान किये गये और उन क्षेत्रों के अनुसार योग कर के पुस्तिका में लिखा गया। अंकन के लिये इसमें कक्षागत् व्यवहार के सभी पक्षों का प्रतिशत निकाला गया।

2 **समायोजन मापनी :–** यह प्रश्नवाली परीक्षण प्रपत्र डा. एके. पी. सिन्हा तथा डा. आर. पी. सिहं द्वारा निर्मित किया गया हैं। यह परीक्षण बालकों द्वारा स्वंय के प्रति दृष्टिकोण उनके समायोजन का मापन करता हैं। इसके अन्तगर्त 60 प्रश्न हैं। इसके अन्तगर्त समायोजन का निर्धारण बालक से संबंधित तीन क्षेत्रों के आधार पर

किया जाता हैं। ये तीन क्षेत्र बालक के सवेंगात्मक समायोजन, सामाजिक समायोजन एवं शैक्षिक समायोजन से संबंधित हैं।

प्रस्तुत शोध अध्ययन में समायोजन मापनी द्वारा विद्यार्थियों के केवल शैक्षिक समायोजन का अध्ययन किया गया। जिसमें उपकरण के 60 में से शैक्षिक समायोजन संबधी केवल 20 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया गया। समयोजन मापनी में उत्तर देने के लिए हाँ या नहीं वर्ग में सही का चिन्ह लगाकर अपने उत्तरों को प्रदर्शित करना होता हैं कि इन्हीं उत्तरों के अनुसार कुल प्राप्तांकों के आधार पर बालकों के समायोजन का निर्धारण किया गया हैं। इस परीक्षण में उत्तर देने के लिए समय निशचित नहीं हैं। फिर यथाशीघ्र बालक उत्तर देने का प्रयास करता हैं।

परीक्षण का उद्देश्य –

इस परीक्षण का उद्वेश्य समायोजन के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों के शैक्षिक समायोजन का मापन करना हैं। इससे प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर छात्रों को शैक्षिक निर्देशन दिया जा सकता हैं।

प्रशासन की प्रकिया –

परीक्षण के प्रशासन के लिये विद्यार्थियों को प्रश्न पुस्तिकाएँ वितरीत की गयी और आदेश दिया गया कि जब तक ना कहा जाए प्रश्नों के उत्तर चिन्हित ना करें। इस परीक्षण पुस्तिकाओं में आपको कुछ नहीं लिखना हैं और पुस्तिका पर किसी प्रकार का चिन्ह अंकित नहीं करना हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर हाँ या नहीं दोनो मे से एक पर सही का निशान लगाना हैं। इस परीक्षण में आपको सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं और समय केवल 30 मिनट हैं। अतः यदि कोई प्रश्न आपको कठिन लगता

हैं सोच–विचार में समय खराब नहीं करें, आगे का प्रश्न शुरू करें। यदि समय बचता तो आप अपने उत्तरों को दोहरा सकते हैं। उपर्युक्त निर्देशन देने के पश्चात् बालक बालिकओं को परीक्षण प्रारम्भ करने को कहा गया और 30 मिनट पूरे होते ही लिखने को रोकने का आदेश दिया गया व उत्तर पुस्तिकाए एकत्र कर ली गई।

अंकन –

अंकन के लिये इसमे सही उत्तर का एक अंक और गलत उत्तर का शून्य अंक प्रदान किया गया। इस तरह सभी क्षेत्रों में से केवल शैक्षिक समायोजन के अंको को जोड़ा गया और कुल अंक प्रदान किये गये और उन क्षेत्रों के अनुसार योग कर के पुस्तिका में लिखा गया।

3 अभिप्रेरणा मापनी :– प्रस्तुत शोध अध्ययन में विद्यार्थियों की अभिप्रेरणा का पता लगाने के लिए टी आर शर्मा द्वारा निर्मित ऐकेडमिक अचिवमेण्ट मोटिवेशन टेस्ट जिसका निर्माण बालकों द्वारा स्वंय के प्रति दृष्टिकोण से उनकी अभिप्रेरणा का मापन करता हैं। इसके अन्तगर्त 38 प्रश्न दिए गए हैं। जिनके आधार पर बालक से संबंधित अभिप्रेरणा के स्तर का पता लगाया जाता हैं। अभिप्रेरणा मापनी से उत्तर देने के लिए अ ब में किसी एक पर निशान लगाकर अपने उत्तरों को प्रदर्शित करना होता हैं कि इन्हीं उत्तरों के अनुसार कुल प्राप्ताकों के आधार पर बालकों के अभिप्रेरणा स्तर का निर्धारण किया जाता हैं।

परीक्षण का उद्देश्य –

इस परीक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों की अभिप्रेरणा स्तर का मापन करना हैं। इससे प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर विद्यार्थियों के अभिप्रेरणा स्तर को जानकर उनको अभिप्रेरणा सम्बन्धी सूझाव दिये जा सकते हैं।

परीक्षण का प्रशासन –

परीक्षण के प्रशासन के लिये विद्यार्थियों को प्रश्न पुस्तिकाएँ वितरित की गई और उन्हें समझाया गया कि अभिप्रेरणा के विभिन्न पहलूओं से सम्बन्धित कुछ प्रश्न दिये गयें हैं। आप अपने सम्बन्ध मे जैसा भी अनुभव करते हैं। उसी के अनुसार कथन के सामने बने दो खानों में, जो कि हाँ, नहीं वाले प्रत्युत्तरों को इंगित करते हैं। इसमें किसी एक खाने में सही का निशान लगा दें। इसी प्रकार सभी प्रश्नों के उत्तर देना हैं। कोई भी प्रश्न ना छोड़े। इसलिये निःसंकोच अपनी राय व्यक्त करें। इसके बाद जाँच से यह पता चलेगा कि आपका अभिप्रेरणा का स्तर कितना हैं।

अंकन –

अंकन के लिये इसमें सही उत्तर का एक अंक और गलत उत्तर का शून्य अंक प्रदान किया गया। इस तरह सभी विभाग के अंको को जोड़ा गया और कुल अंक प्रदान किये गये और उन क्षेत्रों के अनुसार योग कर के पुस्तिका में लिखा गया।

4 **शैक्षिक उपलब्धि** :– शैक्षिक उपलब्धि का पता लगाने के लिए तकनीकी शिक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के प्राविधिकी शिक्षा निदेशालय् द्वारा आयोजित सत्र् 2013-2014 के वार्षिक परीक्षा के सैद्धांन्तिक प्राप्ताकों को

सम्मिलित किया गया। प्राप्तांकों को घटनोत्तर अनुसंधान के परिपेक्ष्य में शिक्षा संस्थान के रिकार्ड से लिए गए हैं। शैक्षिक उपलब्धि के लिये माध्यमिक स्तर के समकक्ष उन्हीं कक्षा के विद्यार्थियों का चयन किया गया जिन शिक्षकों का अध्यापन कार्य का अवलोकन शोधकर्ता द्वारा किया गया था।

3.7 विश्लेषण की प्रक्रिया :–

परीक्षणों की सहायता से सकंलित किये गए आँकडों से प्राप्त सूचनाऐं जटिल असम्बद्ध तथा बिखरे रूप में होंती हैं। इन सूचनाओं का विवेचनात्मक अध्ययन करने से पहले इन्हैं निशचित रूप प्रदान करना आवश्यक हैं। इस हेतु सांख्यिकीय प्रविधियों का प्रयोग किया जाता हैं। अतः सांख्यिकी अनुसंधान का आवश्यक अंग हैं। प्रस्तुत अनुसंधान कार्य में निम्नलिखित सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया गया हैं।

1 टी परीक्षण (t-test) का प्रयोग स्वतंत्र चर के आश्रित पर प्रभाव को देखने हेतु प्रयुक्त किया गया।

2 सहसंबंध गुणांक r प्रोडेक्ट मोमेन्ट का प्रयोग विद्यार्थियों से संबंधित चरों में सहसंबंध देखने हेतु प्रयुक्त किया गया।

3 आँकडों का विश्लेषण कम्प्यूटर की सहायता से किया गया।

4 विश्लेषणात्मक आँकडों द्वारा व्याख्या व निष्कर्ष निकालें गये।

3.8 उपसंहार –

प्रस्तुत शोध प्रबंध के इस अध्याय में सम्पूर्ण शोध प्रबंध की क्रियान्विति का चित्र प्रस्तुत किया गया हैं। इस अध्याय में संम्पूर्ण अनुसंधान की प्रस्तावना, अनुसंधान विधि, उपकरण, न्यादर्श चयन, सांख्यिकीय प्रविधि, शोधकार्य की जनसंख्या आदि को विस्तृत रूप में प्रस्तुत अध्याय में सम्मिलित किया गया हैं।

अध्याय 4
तथ्यों का प्रस्तुतीकरण, विश्लेषण एवं व्याख्या

"आँकड़ों का संकलन एक महत्वपूर्ण साक्ष्य कार्य हैं जो शोध का अच्छी तरह से विश्लेषण एवं सही परिणाम जानने हेतु अनुसंधान योजना के अर्न्तगत मुख्य प्रक्रिया हैं।"

हिलड्रेप के अनुसार

4.1 प्रस्तावना :—

अनुसंधान में दत्त संकलन एवं विश्लेषण एक महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट प्रक्रिया हैं। जिससें शोधकार्य के निर्धारित उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुए उपकरणों की सहायता से प्रदत्तों एवं सूचनाओं को एकत्रित किया जाता हैं। तथा उन्हें व्यवस्थित, वर्गीकृत व सारणीबद्ध कर उनका विस्तृत विश्लेषण किया जाता हैं। जब तक एकत्रित तथ्यों को सुव्यवस्थित करके उनका विश्लेषण एवं व्याख्या नहीं की जाए तब तक अध्ययन विषय का वास्तविक, अर्थ, कारण व परिणाम स्पष्ट नहीं हो सकते। स्वयं तथ्य मूक होतें हैं वे कुछ नहीं दर्शातें पर उनका क्रमबद्ध विश्लेषण व व्याख्या करके उन्हें। मुखरित किया जा सकता हैं। प्रस्तुत अध्याय शोध अध्ययन की निर्णायक प्रक्रिया हैं। क्योंकि इसी अध्याय में विश्लेषण के आधार पर शोध निष्कर्ष प्राप्त होते हैं। अतः इस प्रक्रिया में हुई त्रुटि का प्रभाव अनुसंधान के निष्कर्षों पर प्रत्यक्षतः पड़ता हैं।

अनुसंधान के आँकड़ों का संकलन, सारणीयन तथा सांख्यिकीय विधियों के प्रयोग के बाद निष्कर्ष कर विश्लेषण एवं उनकी व्याख्या का प्रमुख स्थान हैं।

अनुसंधान के सही निष्कर्ष व विश्लेषण के लिये जितनी आवश्यकता तथ्यों को संग्रहित करने की हैं उतनी ही उसे व्यवस्थित ढ़ंग से वर्गीकृत कर सारणीबद्ध करने की हैं।

शोध के संबंध में युंग ने कहा हैं कि *"वैज्ञानिक विश्लेषण यह मानता हैं। कि तथ्यों के संकलन के पीछे स्वयं तथ्यों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण रहस्योघाट्न किया जाये तो उनका एक महत्वपूर्ण सामान्य वर्ग प्रकट हो सकता हैं। जिसके आधार पर घटना की सप्रभाव व्याख्या प्रस्तुत की जा सकती हैं।"*

फ्रेन्च गणितज्ञ पोकारो ने लिखा हैं कि *"जिस प्रकार एक मकान पत्थरों से बना हैं। किन्तु पत्थरों का ढेर मकान नहीं हो सकता हैं, उसी प्रकार विज्ञान का निर्माण तथ्यों से होता हैं, किन्तु तथ्यों का संकलन विज्ञान नहीं हैं।"*

संकल्पनाओं से सम्बद्ध प्रदतों को मात्रात्मक रूप में संयोजित कर नियन्त्रित समूहों का सार्थक अन्तर ज्ञात करने के लिये परिणामों का परीक्षण किया जाता हैं। सामान्यतः तथ्यों का विश्लेषण समूहों की तुलना करता हैं। यद्यपी कभी कभी प्रदत्त प्रश्नों के आधार पर स्वंय ही उनके योग्य या अन्तर से भिन्नता ज्ञात हो जाती हैं। इसी प्रकार आँकड़ों का विश्लेषण एक वैज्ञानिक निष्कर्ष तक पहुँचता हैं तथा परिकल्पना के परीक्षण में सहायक होता हैं कि सारणी के द्वारा आँकंड़ों में स्पष्टता, सरलता तथा वर्णात्मक होकर तथ्य अधिक व्यवस्थित होकर प्रदर्शन योग्य बन जाते हैं। दत्त विश्लेषण का मुख्य केन्द्र कई घटकों पर निर्भर करता हैं। जैसे–अध्ययन के उद्वेश्य एवं परिकल्पना, चरों की प्रकृति, चरों के मापने में अंकन की प्रकृति, जनसंख्या के वितरण की प्रकृति आदि। जनसंख्या वितरण सामान्य हो अथवा असामान्य, उसी के आधार पर सांख्यिकी तकनीकी का निर्धारण किया जाता हैं।

ततपश्चात् आँकड़ों की तर्क संगत कार्य योजना द्वारा व्याख्या की जाती हैं। ताकि अध्ययन का कोई सार्थक अर्थ प्राप्त किया जा सकें।

4.2 विशिष्ट उद्वेश्य

1 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का अध्ययन करना।

2 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का अध्ययन करना।

3 सरकारी व निजी आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का अध्ययन करना।

4 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का अध्ययन करना।

5 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।

6 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।

7 सरकारी व निजी आई टी आई के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।

8 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।

9 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा का अध्ययन करना।

10 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा का अध्ययन करना।

11 सरकारी व निजी आई टी आई के विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा का अध्ययन करना।

12 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा का अध्ययन करना।

13 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन का अध्ययन करना।

14 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन का अध्ययन करना।

15 सरकारी व निजी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन का अध्ययन करना।

16 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन का अध्ययन करना।

17 सरकारी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा शैक्षिक उपलब्धि में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

18 सरकारी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

19 सरकारी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक का अध्ययन करना।

20 निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

21 निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

22 निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

23 शहरी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

24 शहरी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

25 शहरी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

26 ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

27 ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

28 ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

29 सरकारी आई टी आई के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

30 सरकारी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

31 सरकारी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

32 निजी आई टी आई के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

33 निजी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

34 निजी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

35 शहरी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

36 शहरी आई टी आई के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

37 शहरी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक अध्ययन करना।

38 ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में सहसंबंधात्मक का अध्ययन करना।

39 ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक का अध्ययन करना।

40 ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में सहसंबंधात्मक का अध्ययन करना।

41 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना।

42 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना।

43 सरकारी व निजी आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना।

44 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना।

45 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा पर प्रभाव का अध्ययन करना ।

46 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा पर प्रभाव का अध्ययन करना।

47 सरकारी व निजी आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा पर प्रभाव का अध्ययन करना।

48. शहरी व ग्रामीण आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा पर प्रभाव का अध्ययन करना।

49 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थीयों के शैक्षिक समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना।

50 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना।

51 सरकारी व निजी आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना।

52 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता का विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना ।

4.3 परीक्षित परिकल्पनाएँ

1 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

2 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

3 सरकारी व निजी आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

4 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

5 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

6 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

7 सरकारी व निजी आई टी आई के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

8 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

9 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

10 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

11 सरकारी व निजी आई टी आई के विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

12 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

13 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

14 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

15 सरकारी व निजी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

16 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

17 सरकारी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

18 सरकारी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में 05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

19 सरकारी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

20 निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

21 निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

22 निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

23 शहरी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

24 शहरी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

25 शहरी पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

26 ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

27 ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

28 ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

29 सरकारी आई टी आई के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

30 सरकारी आई टी आई के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

31 सरकारी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

32 निजी आई टी आई के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

33 निजी आई टी आई के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

34 निजी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

35 शहरी आई टी आई के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

36 शहरी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

37 शहरी आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

38 ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

39 ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि व शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

40 ग्रामीण आई टी आई के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन व अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

41 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

42 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

43 सरकारी व निजी आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

44 शहरी व ग्रामीण आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों कि शैक्षिक उपलब्धि में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

45 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

46 शहरी व ग्रामीण पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

47 सरकारी व निजी आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

48. शहरी व ग्रामीण आई टी आई के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों कि अभिप्रेरणा में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

49 सरकारी व निजी पॉलोटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों कि शिक्षण दक्षता एवं विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन में .05 सार्थकता स्तर पर कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

